RNI NO.: MAHHIN/2006/16907

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र

Postal Regd. : MCN/265-2020-2022

RNI No.MAHHIN/2006/16907

संपादक : रफीक एम. शेख    कांकारी संपादक : अहमद शेख

मुंबई, 25 दिसंबर 2020 से 31 दिसंबर 2020 | वर्ष 15 | अंक 07 | Web: aibnews.co.in | पृष्ठ : 8 | कीमत : दो रुपये


# नई महामारी

**मुंबई :** कोरोना की एक नई प्रजाति के खतरनाक स्वरूप में उभरने की आशंका ने दुनिया में नया तनाव पैदा कर दिया है। चिंता इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि महामारी की इस कथित नई किस्म के सामने आने के बाद सबसे पहले तो यूरोप ने खुद को ब्रिटेन से अलग कर लिया है। ब्रिटिश सरकार ने अनेक इलाकों में लॉकडाउन जैसी सख्ती की शुरूआत कर दी है। स्वाभाविक है, दुनिया का कोई भी देश महामारी की किसी नई किस्म को अपने यहां कतई स्वीकार नहीं करेगा। यहां भारत जैसे विशाल देश की चिंता भी वाजिब है, क्योंकि भारतवंशियों का ब्रिटेन से गहरा जुड़ाव रहा है। दोनों देशों के बीच यातायात भी खूब है, तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोनों देशों के बीच यातायात फौरन बंद करने की मांग रख दी है। भारत ने ब्रिटेन से आने वाली विमान सेवाओं पर 31 दिसंबर तक के लिए रोक भी लगा दी है। हालांकि, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार पूरी तरह से सतर्क है। पर चिंता के स्तर को इस बात से भी समझा जा सकता है कि इस नए संकट से निपटने के तरीकों पर विचार के लिए ज्वॉइंट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक बुलानी पड़ी है। दुनिया और भारत के शेयर बाजारों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है।



क्या वाकई ब्रिटेन में नए किस्म के कोरोना ने हमला बोल दिया है? वैज्ञानिकों को इसकी तह में जाना चाहिए, यह महज महामारी के कुछ लक्षणों में वृद्धि का मामला है या वायरस ने कोई नया रूप ले लिया है? आशंका है, यह नया स्ट्रेन सामान्य से 70 प्रतिशत ज्यादा तेजी से फैलता है। ब्रिटेन भले ही लॉकडाउन की मुद्रा में है, लेकिन दुनिया का कोई देश अब लॉकडाउन नहीं चाहेगा, और भारत तो कतई नहीं। ब्रिटेन तुलनात्मक रूप से एक छोटा देश है, वहां की कुल आबादी सात करोड़ भी नहीं है, जबकि भारत में आबादी 130 करोड़ के आंकड़े को पहले ही पार कर चुकी है। इसके अलावा, ब्रिटेन में प्रति वर्ग किलोमीटर जनसंख्या घनत्व महज 281 है, जबकि भारत में यह 464 है। अतः भारत को हर हाल में ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। केंद्र सरकार अगर सतर्क है, तो इसका सीधा अर्थ है, हवाई अड्डों पर निगरानी चौकस होगी। याद रखना चाहिए, भारत में कोरोना विदेश से ही आया और शुरूआत में हवाई अड्डों पर ढिलाई बरती गई थी, इसलिए अब तो यूरोप से आने वाली फ्लाइट को भी रोकने की मांग होने लगी है।

## सिर पर क्रेन का हुक लगने से बच्चे की मौत

**नागपुर :** नागपुर शहर में गलती से सिर पर क्रेन का हुक लगने से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना सुबह लगभग 11 बजे उस समय हुई जब अर्नव मेश्राम नाम का बच्चा दिघोरी नाका इलाके में एक दुकान के पास खड़ा था। इस दौरान क्रेन चालक ने वाहन को घुमा दिया जिससे क्रेन का हुक उसके सिर में लग गया। उन्होंने बताया कि बच्चे को सिर पर गंभीर चोट आई और वह जमीन पर गिर गया। पुलिस ने बताया कि उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 7 साल पहले रोड एक्सिडेंट में हुई थी शख्स की मौत

## अब परिवार को मिलेगा 1.1 करोड़ का मुआवजा

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मोटर एक्सिडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल ने एक परिवार को 1.1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है. साल 2013 में मुंबई निवासी संतोष मोरे की रोड एक्सिडेंट में मौत हो गई थी, जिसके बाद परिवार की ओर से ट्रिब्यूनल में मुआवजे के लिए क्लेम किया गया था.

साल 2013 में एक डंपर ने पवई इलाके में संतोष मोरे को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद ड्राइवर वहां संतोष को बिना कोई मेडिकल सहायता दिए फरार




हो गया था. एक्सीडेंट के दो दिन बाद 12 फरवरी, 2013 में संतोष मोरे की मौत हो गई थी. जब संतोष मोरे की मौत हुई तब उनके पीछे पत्नी रूपाली और दो बेटी रह गई थीं, जिसमें से एक बेटी सिर्फ डेढ़ साल की थी. अब इतने साल चले इस मामले में ट्रिब्यूनल ने पाया है कि ड्राइवर ने संतोष मोरे की मेडिकल सहायता नहीं की, जिसके कारण उसकी मौत हो गई.

संतोष मोरे एक अकाउंटेंट थे, जो अपनी बाइक से जा रहे थे तभी एक तेज रफ्तार वाले डंपर ने उन्हें टक्कर मारी और कुचल दिया. जिस कंपनी का वो डंपर था, उसकी ओर से ट्रिब्यूनल में दावा किया गया कि संतोष मोरे तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था, जिसके बाद वो टकरा कर गिर गया और उसकी मौत हो गई.

## नाइट कर्फ्यू से उड़ी होटल व्यवसायियों की नींद

**मुंबई :** यूरोप और अफ्रीकी देशों में कोरोना वायरस का नया प्रकार आने के बाद राज्य की महाविकास आघाड़ी सरकार ने मुंबई सहित महाराष्ट्र के सभी महानगरपालिका क्षेत्रों में एहतियातन नाइट कर्फ्यू घोषित कर दिया गया है. सरकार के निर्णय से होटल व्यवसायियों की नींद उड़ गयी है. होटल व्यवसायियों की संस्था आहार ने क्रिसमस और नए साल के उपलक्ष्य में राहत देने की मांग सरकार से की है. इस संदर्भ में होटल व्यवसायियों का एक शिष्टमंडल बुधवार को देर शाम एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात कर सकता है. वैश्विक महामारी कोरोना की रोकथाम को लेकर लॉकडाउन घोषित होने के बाद मुंबई सहित महाराष्ट्र के सभी होटल और रेस्टोरेंट बंद हो गए थे. मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के मिशन-बिगिन अगेन के तहत 5 अक्टूबर से 50 प्रतिशत क्षमता के साथ होटल और रेस्टोरेंट शुरू करने की अनुमति मिली थी. व्यवसाय अभी पीक पर भी नहीं पहुंचा था कि एक बार फिर नाइट कर्फ्यू घोषित कर दिया गया.

ऑल इंडिया फ्रिंगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022



## संपादकीय

# गरीब बच्चों पर शामत

कोरोना वायरस महामारी से दुनिया भर के गरीब बच्चों पर शामत आई हुई है। ब्रिटेन जैसे धनी देश में हजारों बच्चे इस हाल में पहुंच गए हैं कि उन्हें भोजन उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनिसेफ को आगे आना पड़ा है। दरअसल, हकीकत यह है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण हर जगह आर्थिक गिरावट आई है। इससे दशकों से भुखमरी के खिलाफ हुई प्रगति को जोर का झटका लगा है। एक नए अनुमान के मुताबिक कोरोना वायरस महामारी से भुखमरी के कारण 1,68,000 बच्चों की मौत हो सकती है। 30 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के एक नए अध्ययन के मुताबिक कोरोना वायरस महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, जिससे भुखमरी बढ़ी है। स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने इस साल का आर्थिक और पोषण डेटा इकट्ठा किया है। इसके अलावा उसने एक सर्वे भी किया। इससे सामने आया कि लगभग 12 करोड़ अतिरिक्त बच्चे कुपोषण से गंभीर रूप से पीड़ित होंगे। ऐसे सबसे ज्यादा बच्चे दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका में हो सकते हैं। कहा गया है कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं, वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी, जो जन्म के पहले से ही कुपोषित होंगे। यानी ह्यएक पूरी पीढ़ी दांव पर है।ह्व कोरोना वायरस के आने के पहले तक कुपोषण के खिलाफ लड़ाई सफलता की ओर आगे बढ़ रही थी, लेकिन महामारी से यह लड़ाई और लंबी हो गई है। ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन के मुताबिक ह्यऐसा लगता है कि यह एक ऐसी समस्या है, जो वैसे तो हमेशा से हमारे साथ है, लेकिन कोविड-19 से पहले यह कम हो रही थी। लेकिन दस साल की प्रगति 9 से 10 महीनों में समाप्त हो गई है।ह्व अध्ययन के मुताबिक महामारी के पहले अविकसित बच्चों की संख्या में वैश्विक स्तर पर हर साल गिरावट आ रही थी। साल 2000 में जहां 20 करोड़ बच्चे अविकसित थे, तो वहीं उनकी संख्या 2019 में घटकर 14.40 करोड़ हो गई। लेकिन इस साल ये ट्रेंड पलट सकता है। ऐसा ना हो, इसके लिए अनुमान लगाया गया है कि अगले एक साल तक करीब तीन अरब डॉलर का धन कुपोषण के खिलाफ अभियान चलाने के लिए इकट्ठा करना होगा। इसके लिए सरकारों के साथ- साथ परोपकारी संस्थाओं और निजी क्षेत्र को भी विशेष उदारता दिखानी होगी।

# आर्थर रोड जेल से गवाह को धमकाया

# महाराष्ट्र एटीएस ने चार को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** जेल में अपराधियों को जब बंद किया जाता है, तो माना जाता है कि जेल से उनकी आपराधिक गतिविधियां पूरी तरह बंद रहेंगी। पर मुंबई की आर्थर रोड जेल में हकीकत उससे अलग है। डीआईजी शिवदीप लांडे ने बताया कि इस जेल से एटीएस से जुड़े एक केस के गवाह को पिछले करीब एक महीने से धमकियां दिलवाई जा रही थीं। इसलिए एटीएस ने धमकाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।




साल, 2015 में एटीएस ने अंधेरी के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स से कई करोड रुपये कीमत की 115 किलो एमडी ड्रग जब्त की थी। सात लोग उस केस में अरेस्ट हुए थे। इनमें से एक साजिद इलेक्ट्रिकवाला भी था। उसने कई बार जमानत की अर्जी दी, पर वह खारिज हो गई। उस केस में मुकदमा मार्च तक चला। फिर लॉकडाउन की वजह से रुक गया। 26 नवंबर से मुकदमा फिर शुरू हुआ। उससे एक हफ्ते पहले इस केस के कांदिवली में रहने वाले एक प्रमुख गवाह को साजिद इलेक्ट्रिकवाला के पक्ष में गवाही देने के वास्ते किसी सुजीत पडवलकर की तरफ से धमकियां आने लगीं। गवाह ने एटीएस चीफ जयजीत सिंह से संपर्क किया।

पडवलकर को ट्रेस करने का आदेश दिया गया और उसे कुछ दिन के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। पडवलकर ने बताया कि वह गैंगस्टर हरीश मांडिवकर के खासमखास सचिन कोलेकर के आदेश पर यह काम कर रहा था। इसके बाद चारकोप एटीएस के सीनियर इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर वाघ ने सचिन कोलेकर, हरीश मांडिवकर और साजिद इलेक्ट्रिकवाला को भी एक-एक अरेस्ट कर लिया ।

जांच में यह बात सामने आई कि हरीश मांडिवकर जेल से अपने परिवार व जेल से बाहर घूम रहे अपने पंटरों को नियमित चिट भिजवाता था। परिवार के लोग चिट पढ़कर उसकी जरूरत की चीजें जेल में भिजवाते थे, जबकि सचिन कोलेकर व उस जैसे उसके अन्य पंटर कोर्ट की तारीखों के लिए को-ऑर्डिनेट करते थे। साथ ही, गवाहों को धमकाने का भी काम करते या करवाते थे। हरीश मांडिवकर पर संगीन अपराध के एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। मटका किंग सुरेश भगत की हत्या में वह मकोका के तहत कनविक्ट भी हुआ है।

# पालघर/ चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में एक बोरी के भीतर चार साल की एक बच्ची बेहोशी की हालत में पाई गई। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वलिव पुलिस थाने के निरीक्षक विलास चौगुले ने बताया कि बच्ची रविवार को मिली थी।



इसके बाद पुलिस ने उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया जिसमें पता चला कि बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया था। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वसई के फादरवाड़ी में रविवार को कुछ लोगों ने एक गनी बैग देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। चौगुले ने कहा कि मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस मौके पर पहुंची जहां बोरी के भीतर बेहोशी की हालत में बच्ची को पाया गया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय जांच कराई गई जिस्मने डॉक्टरों ने पाया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया था। अधिकारी ने कहा कि बाद में विभिन्न पुलिस थानों को संदेश भेजे गए जिसमें सामने आया कि भायंदर पुलिस थाने में रविवार को बच्ची के अपहरण का एक मामला दर्ज कराया गया था।

उन्होंने कहा कि पीड़िता को भायंदर पुलिस थाने को सौंप दिया गया। भायंदर डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त शशिकांत भोसले ने बताया कि इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और भारतीय दंड संहिता तथा पॉक्सो कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में इससे अधिक जानकारी देने से मना कर दिया।

# पालघर में मिलीं 12वीं सदी की मूर्तियां

**पालघर :** पालघर के एक जनजातीय बहुल गांव में तीन मूर्तियां मिली हैं और ऐसा माना जा रहा है कि ये मूर्तियां 12वीं सदी की हैं। जवाहर के तहसीलदार (राजस्व अधिकारी) संतोष शिंदे ने बताया कि जवाहर तालुका के जामसार गांव के कुछ लोग शुक्रवार को एक झील की खुदाई कर रहे थे, तभी उन्हें मूर्तियां मिलीं। उन्होंने बताया कि खुदाई की दौरान मिलीं इन प्राचीन कला कृतियों में युद्ध नायकों और गाय की मूर्तियां शामिल हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये मूर्तिया मध्यकालीन हैं। शिंदे ने कहा कि वह स्थल का दौरा करेंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारी भी इन मूर्तियों का मुआइना करेंगे। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि इस इलाके में पहले कभी इस प्रकार की मूर्तियां नहीं मिली हैं। उन्होंने कहा कि गांव

## संक्षिप्त समाचार

## 31 किलोग्राम चंदन की लकड़ी बरामद, 2 गिरफ्तार

**औरंगाबाद :** औरंगाबाद जिले के वैजापुर इलाके से दो लोगों को गिरफ्तार कर 31 किलोग्राम चंदन की लकड़ी जब्त की गयी। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि एक जानकारी के आधार पर डोंगरगांव फाटा के पास जाल बिछाया गया था और मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए जब्बर खान (50) और प्रकाश मेहर (53) को पकड़ लिया गया। दोनों जालना के भोकरदन के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया, ह्यहमने 62,000 रुपए मूल्य की 31 किलोग्राम चंदन की लकड़ी बरामद की। शिल्लोड ग्रामीण पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है और वह आगे की जांच कर रही है।



## कंप्यूटर शॉप में लगी भीषण आग

**पुणे :** पुणे से सटे पिंपरी-चिंचवाड़ के यमुनानगर की एलआईसी बिल्डिंग के पास स्थित एक कंप्यूटर रिपेयरिंग शॉप में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की लपटों की चपेट में आकर अंकित अग्रवाल नाम के 27 साल के युवक की मौत हो गई है। जांच में सामने आया है कि आग दुकान में शार्ट सर्किट की वजह से लगी थी। मूल रूप से नेपाल के रहने वाले अंकित अग्रवाल पिछले कई साल से पिंपरी में विजन कंप्यूटर एंड हार्डवेयर नाम की शॉप चला रहे थे। सुबह 10 बजे आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने के काम में जुटी।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत,1 जख्मी

वसई, वालीव पुलिस थानांतर्गत मुम्बई-अहमदाबाद महामार्ग रोड,बापाने स्थित मोटरसाइकिल व ट्रेलर वाहन में टक्कर होने से मोटरसाइकिल सवार जहूर (50) नामक शख्स की मौत हो गई। इसी प्रकार बापाने के पास कार वाहन सड़क दुर्घटना में पिंकी (27) नामक महिला की मौत दर्दनाक मौत हो गई,जबकि आजम नामक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उक्त सड़क दुर्घटना मामले में पुलिस ने कलम 304 (अ) व अन्य धाराओ के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्वाई में जुटी है।

# थाईलैंड के वक्त पर मुंबई के होटलों में होगा नए साल का आगाज

**मुंबई :** वैश्विक कोरोना महामारी की वजह से मुंबई में शुरू नाइट कर्फ्यू के बावजूद इस बार नए साल का जश्न फीका नहीं रहेगा। मुंबई के होटल संचालकों ने ऐसी तरकीब निकाली है जिससे नए साल के जश्न में कोई कमीं न रहे। इसलिए मुंबई के होटलो में इस बार थाईलैंड के वक्त पर नए साल का उत्सव मनाने का फैसला किया है। साथ ही, कई होटलों में बैंकाक में मनाने जा रहे नए साल के उत्सव का जश्न भी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा।




ब्रिटेन में कोरोना का नया रूप सामने आने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई सहित राज्य के अन्य महानगरपालिका क्षेत्र में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक नाईट कर्फ्यू लगाया है। इसे देखते हुए द होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया (एचआरएडब्लूआई) ने मुंबई के होटलों में नए साल के आगमन से डेढ़ घंटा पहले न्यू ईयर मनाने का फैसला किया है।

एचआरएडब्लूआई के चेयरमैन शेरी भाटिया ने बताया कि भारत में जब रात के 11 बजते हैं, तब थाईलैंड में 12.30 बज जाते हैं। इसलिए हमने मुंबई के होटलों में थाईलैंड के समय पर नए साल का जश्न मनाने के लिए कहा है। मुंबई में जब रात के 10.30 बजेंगे तब थाईलैंड में रात के 12 बज चुके होंगे। 31 दिसंबर की रात में इसी वक्त (10.30) पर नए साल का घंटानाद कर दिया जाएगा।

वैसे, नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय थाईलैंड के बैंकाक जाते हैं। लेकिन इस बार कोरोना काल के कारण बैंकाक की यात्रा नहीं हो पाई है। इसके मद्देनजर मुंबई के कई होटलों में थाईलैंड के जश्न को स्क्रीन पर भी दिखाने की तैयारी की गई है।

## महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** महिला से दुष्कर्म करने और उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को ठाणे की क्राइम ब्रांच के सहयोग से चम्पावत पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

दरअसल, बीते दिनों पाटी थाने में एक उसी ब्लॉक के एक गांव की महिला ने ग्राम कोटना निवासी दीपक सिंह पुत्र नैन सिंह के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। महिला का कहना था कि दीपक ने दो साल पूर्व डेढ़ साल के बच्चे को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसी दौरान आरोपी ने महिला की अश्लील वीडियो भी बना ली थी। तब से वह दीपक महिला को लगातार फोन पर ब्लैकमेल करता रहता था। उसके बाद महिला ने दीपक का फोन रीसिव करना छोड़ दिया था। इससे झल्लाए दीपक ने बीते दिनों उस महिला के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिए थे।

इस मामले की जांच चम्पावत कोतवाल धीरेंद्र कुमार को सौंपी गई थी। सर्विलांस जांच में दीपक की लोकेशन मुंबई में मिली। इसी को देखते हुए बीते दिनों एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर पुलिस की एक टीम मुंबई भेजी गई थी।

## मुंबई में दवा लगाने के बहाने महिला के प्राइवेट पार्ट को छुआ

**मुंबई :** मुंबई के एक प्राइवेट हॉस्पिटल के 25-वर्षीय वार्ड बॉय को सर्जरी के बाद रिकवर कर रही 29-वर्षीय महिला रोगी के साथ छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने दावा लगाने के बहाने महिला के प्राइवेट पार्ट्स को छुआ था। आरोपी की पहचान 25 वर्षीय मुकेश प्रजापति के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल कर महिला का शील भंग करने) के तहत केस दर्ज किया गया है।

## मुंबई में क्यों लगाया गया नाइट कर्फ्यू?



**मुंबई :** ब्रिटेन में तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन को लेकर पूरा विश्व सतर्क है. शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में भी इस बात को लेकर चिंता जाहिर की गई है. संपादकीय में लिखा गया है, वर्तमान परिस्थिति बहुत कठिन है, इसमें कोई शंका नहीं. कोरोना नामक एक वायरस ने दुनिया भर में हाहाकार मचाया हुआ है. जीवन संबंधी इतनी असुरक्षा किसी ने कभी महसूस नहीं की होगी. ये सब कम हो रहा है लेकिन अब कोरोना के नए वायरस ने अवतार लिया है. यह वायरस पहले के वायरस की अपेक्षा ज्यादा खतरनाक है इसलिए खुद को संभाल रही दुनिया फिर से भयभीत हो गई है.

संपादकीय में आगे लिखा गया है, एक समय ग्रेट ब्रिटेन ने दुनिया भर में राज किया. ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य कभी ढलता नहीं था, ऐसा गर्व के साथ कहा जाता है. उसी ब्रिटेन में कोरोना वायरस संक्रामक होकर नए अवतार में सामने आया, जिसके बाद सारी दुनिया ने मानो ब्रिटेन का बहिष्कार ही कर दिया है. ब्रिटेन से आनेवाले हवाई जहाजों पर रोक लगा दी गई है. ब्रिटेन से आनेवाले हर यात्री को क्वारनटीन किया जाएगा.

ब्रिटेन के वायरस का खौफ इतना है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ठाकरे ने राज्य में नाइट कर्फ्यू लगा दिया है. इस कारण मुंबई-ठाणे-पुणे जैसे शहरों को फिर से बड़ा आर्थिक झटका झेलना होगा. लेकिन सावधानी बरतते हुए कड़े कदम उठाने ही होंगे. मुख्यमंत्री ने रविवार को जनता से संवाद किया और नाइट कर्फ्यू की आवश्यकता नहीं होने की बात कही. लेकिन ब्रिटेन जैसे देश की भयंकर हालत को देखते हुए महाराष्ट्र ने सावधानी बरतते हुए यह कदम उठाया है.

ब्रिटेन में सामने आया यह नया वायरस तेजी से फैल रहा है. इसलिए ब्रिटेन सहित कई यूरोपीय देशों ने फिर से लॉकडाउन शुरू किया है. स्पेन, डेनमार्क और नीदरलैंड जैसे देशों में चिंता का माहौल है. ब्रिटिश कोरोना इटली में भी पहुंच चुका है. हमारे देश के स्वास्थ्यमंत्री डॉ. हर्षवर्धन के अनुसार नए वायरस से डरने की आवश्यकता नहीं है. देश सतर्क है.

इस दौरान ब्रिटेन के स्वास्थ्य सचिव मैट हैकॉक कहते हैं कि नया कोरोना वायरस पहले वायरस की अपेक्षा ज्यादा खतरनाक है और तेजी से हमला करता है. उसकी संक्रामक क्षमता पहले के वायरस की अपेक्षा 75 प्रतिशत ज्यादा है.

# कोरोना काल में पार्टी कर रहे थे हाई प्रोफाइल सितारे, मुंबई पुलिस ने मारा छापा तो पीछे के दरवाजे से भागे

**मुंबई:** कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने नाइट कर्फ्यू का ऐलान किया है. सिनेमा और खेल जगत के कुछ सितारे इस नाइट कर्फ्यू का उल्लंघन कर मुंबई के एक क्लब में पार्टी कर रहे थे. सूत्रों का कहना है कि इस पार्टी में क्रिकेटर, गायक समेत कई हाई प्रोफाइल लोग शामिल थे. मुंबई पुलिस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पार्टी में मौजूद कई लोगों पर केस दर्ज कर नोटिस जारी किया गया है. कोरोना काल में सितारों की इस पार्टी की खबर से हर कोई हैरान है.

दरअसल, रात करीब तीन बजे मुंबई पुलिस ने अंधेरी के एक बड़े क्लब ड्रैगन फ्लाई पर छापा मारा. सूत्रों के मुताबिक क्लब में पार्टी चल रही थी, जिसमें कई कलाकार और खिलाड़ी मौजूद थे. सूत्रों का कहना है कि इस पार्टी में कई हाई प्रोफाइल लोग शामिल थे. हालांकि पुलिस के छापेमारी के बाद कई सेलिब्रिटी पीछे के दरवाजे से निकल गए. सूत्रों का कहना है कि इसमें भारतीय क्रिकेट टीम का पूर्व क्रिकेटर भी था.



पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पार्टी में 19 लोग दिल्ली और पंजाब से आए थे. पार्टी में दिल्ली, पंजाब के अलावा साउथ मुंबई से भी लोग आए थे. पुलिस ने कुल 27 कस्टमर और 7 कर्मचारियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 188 और 269 के साथ ही महामारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. मुंबई से बाहर से आए लोग सुबह दिल्ली के लिए सात बजे रवाना हो गए.

बता दें कि देश में कोरोना वायरस के मामले अभी थमे नहीं हैं. महाराष्ट्र देश में कोरोना वायरस के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित है. कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए कई राज्यों में नाइट कर्फ्यू लागू है. मुंबई में भी नाइट कर्फ्यू लागू है. हालांकि इसके उल्लंघन के साथ ही क्लब में पार्टी के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही थी. जिसके बाद पुलिस को जानकारी मिलने के बाद मुंबई में ये कार्रवाई की गई है.

# मुंबई/ पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाते हुए तीन लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** वडाला टीटी पुलिस ने वडाला पेट्रोल पंप को लूटने की कोशिश करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और इनके पास देशी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस और चॉपर जब्त किया है। ये आरोपी वडाला इलाके में एक पेट्रोल पंप लूटने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन ये लोग लूट में सफल हो पाते, उससे पहले पुलिस ने सभी को धर दबोचा। आरोपियों की पहचान धारावी के कल्याणवाड़ी इलाके में रहने वाले नौशाद अली अकबर अली शेख (34), अमीर अहमद रईस इदरीसी (26) और वसीम रजा अहमद इदरीसी (32) के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी वडाला इलाके में स्थित नारायण पेट्रोल पंप लूटने आए थे। उस समय वडाला टीटी की पुलिस रात्रि गश्त पर थी, तो उन्होंने इन सभी आरोपियों को संदिग्ध रूप से घूमते पाया। जब पुलिस ने पूछताछ करने के लिए



इन्हें बुलाया तो ये डर कर भागने लगे। इसके बाद इन आरोपियों को पुलिस ने पीछा करके पकड़ लिया। आरोपियों की जब तलाशी ली गई तो, इनके पास ने एक देशी कट्टा, 8 जिंदा कारतूस और चॉपर मिला। वडाला टीटी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 37 (1) (ए) 135 के तहत धारा 392,402 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही पुलिस इनके अन्य दो साथियों की भी तलाशी कर रही है। आपको बता दें कि, लॉकडाउन के बाद से ही शहर में चोरों और लुटेरों के गिरोह सक्रिय हो गए हैं। रविवार को भी मुंबई पुलिस ने तीन ऐसे गिरोहों को पकड़ा जो डकैतियों को अंजाम देने के लिए मुंबई आए थे। पुलिस ने इनके पास से गन और जिंदा कारतूस भी बरामद किया।

# फर्जी रेलवे पास गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**पालघर :** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने मुंबई क्षेत्र में उपनगरीय ट्रेनों में यात्रा के लिए कथित तौर पर फर्जी पास छापने और उपयोग करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि पालघर जिले में वसई जीआरपी ने एक फर्जी पास के साथ लोकल ट्रेन के प्रथम श्रेणी के डिब्बे में यात्रा कर रहे मीरा-भायंदर क्षेत्र के रहने वाले 34 वर्षीय व्यक्ति को पकड़ने के बाद गिरोह का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रविवार को ठाणे जिले के मीरा रोड से दो अन्य लोगों को पकड़ा। अधिकारी ने कहा कि दोनों कथित तौर पर अपनी स्टेशनरी की दुकान पर फर्जी पास तैयार करने और छापने का काम करते थे। पुलिस ने प्रिंटर, स्कैनर और अन्य उपकरण सहित विभिन्न सामान जब्त किया, जो फर्जी रेलवे पास की छपाई में इस्तेमाल होता था।

## संक्षिप्त समाचार

### वसई/ सड़क हादसे में युवक की मौत

**वसई :** वालीव पुलिस स्टेशन अंतर्गत पूर्व क्षेत्र के मुंबई-अहमदाबाद महामार्ग क्रॉस करते वक्त एक 23 वर्षीय युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व के पेल्हार, डोंगरपाडा का रहनेवाला नीलेश गजानन म्हसकर (23) नामक युवक घटना की रात 12:30 के आसपास मुंबई -अहमदाबाद महामार्ग क्रॉस कर रहा था। उसी दौरान तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। इस हादसे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुँचकर पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सम्बंधित मामले में पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 (अ) सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

### मासूम लड़की के साथ छेड़छाड़

**विरार :** स्थानीय पुलिस स्टेशन अंतर्गत क्षेत्र में एक पांच वर्षीय मासूम के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला डेज कर आगे की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र की रहने वाली 5 वर्षीय मासूम बच्ची ने अपने परिजनों के साथ विरार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ब्रिजकुमार ने उसके साथ छेड़खानी किया है। पीड़ित मासूम की शिकायत व बयान के आधार पर पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 354 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सम्बंधित मामले में पुलिस आगे कार्रवाई में जुटी है।

### युवती के साथ अश्लीलता

**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस स्टेशन अंतर्गत क्षेत्र में एक 18 वर्षीय युवती के साथ अश्लीलता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार नालासोपारा की रहनेवाली 18 वर्षीय युवती ने तुलिंज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराया। दर्ज मामले के अनुसार पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दीपक (24) नामक शख्स ने उसके साथ छेड़छाड़ किया है।

ऑल इंडिया ट्रिंगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022





मुंबई, 25 दिसंबर 2020 से 31 दिसंबर 2020

## संक्षिप्त समाचार

### गांजा सेवन करता व्यक्ति गिरफ्तार

**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस ने गांजा सेवन करते हुए एक शख्स को गिरफ्तार किया है। जहाँ एक तरफ पुलिस प्रशासन नशा करने वालों के खिलाफ मुहिम चला रही है। वही दूसरी तरफ तस्कर बेखौफ होकर नशा सामग्री बेच रहे है। जिससे क्षेत्र में नशा करने वाले लोग बेखौफ होकर नशा कर रहे है। हालांकि पुलिस आए दिन नशा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व के मोरेगांव क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने गांजा सेवन करने के मामले में सुनील जया (37) नामक शख्स को धर दबोचा। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। सम्बंधित मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हैं।

### वेश्या व्यवसाय मामले में 2 महिलाए गिरफ्तार

**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस ने आचोले रोड़ के तलाठी ऑफिस के नजदीक सोमवार को एक बिल्डिंग में कार्रवाई करते हुए वेश्या व्यवसाय मामले में एक 47 वर्षीय महिला व एक 50 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने वेश्या व्यवसाय में लिप्त तीन महिलाओं को मुक्त कराया है। पुलिस उक्त मामले में गिरफ्तार दोनों महिलाओं के खिलाफ कलम 370 सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### महिला का आंशिक रूप से जला शव मिला

**ठाणे :** महाराष्ट्र के पुणे जिले में अज्ञात महिला का आंशिक रूप से जला हुआ शव मिला है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शिवाजी नगर थाने के अधिकारी ने कहा कि सोमवार को कुछ राहगीरों को यहां अंबरानाथ में सड़क किनारे शव पड़ा हुआ दिखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। उन्होंने कहा कि पुलिस वहां पहुंची तो लाल रंग के कपड़े पहनी 25 से 30 साल की आयु की महिला का शव पड़ा हुआ था, जिसका चेहरा और सिर जला हुआ था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि संदेह है कि महिला की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया।

# एमएनएस ने फिर दी चेतावनी

## मुंबई में फाड़े जा रहे हैं अमेजन के पोस्टर्स

**मुंबई :** इसके पहले भी मनसे ने पूरे मुंबई में अमेजन के खिलाफ पोस्टर वार शुरू किया था। एमएनएस ने पोस्टर में लिखा था कि 9 मराठी 9 अमेजॉन। कुछ दिनों पहले मनसे के नेताओं ने अमेजॉन समेत कई ई-कॉमर्स वेबसाइट स्कोर मराठी भाषा को भी जगह देने का अनुरोध किया था। मनसे नेता अखिल चित्रे द्वारा मुंबई के बांद्रा पूर्व, बांद्रा पश्चिम, अंधेरी, बांद्रा रिक्लेमेशन और माहिम में ये पोस्टर्स लगाए थे। मनसे ने कहा था कि अगर अमेजन को महाराष्ट्र की भाषा मान्य नहीं है तो हमको भी अमेजन महाराष्ट्र में नहीं चाहिए।



**अमेजन और फ्लिपकार्ट के ऑफिस पर मनसे का मोर्चा**

कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पदाधिकारियों ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के मुंबई में बीकेसी स्थित दफ्तरों पर जाकर उनसे कहा था कि मराठी भाषा को भी अपनी वेबसाइट में जगह दी जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो मुंबई में व्यापार नहीं करने दिया जाएगा। मनसे का कहना था कि मराठी भाषी लोगों को उनकी भाषा में ही सामान खरीदने की जानकारी मिलनी चाहिए ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

**जेफ बेजोस ने दिया भरोसा**

अमेजन की डिजिटल सेवा में मराठी भाषा को प्राथमिकता दी जाए। इसलिए मनसे ने ईमेल भेजा था। जिस पर अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने बताया था कि उन्हें आपका ईमेल प्राप्त हुआ है। आपके ईमेल को संबंधित टीम को फारवर्ड कर दिया गया है। जिसके बाद अमेजन की अधिकारियों ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात की थी।

# मुंबई जा रहे युवक को भोपाल के पास ट्रेन में बेहोश कर रुपये छीने

**मुंबई :** मुंबई जा रहे 20 साल के युवक को ट्रेन में भोपाल के पास जहरीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया गया। उसके जेब से रुपये निकाल लिए गए। शुक्र है कि उसकी जान बच गई। उसे वापस आगरा कैंट पहुंचा दिया गया है, जहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना सोमवार की है जिसे मंगलवार दोपहर उसके दोस्तों ने ट्विटर पर रेलमंत्री को शिकायत कर घटना साझा की है।




ट्विटर पर घटना साझा करने वाले युवक के दोस्त हरिश गौर ने बताया कि यश वर्मा अपनी बहन प्रिया वर्मा व मां के साथ मुंबई जा रहे थे। तीनों मंगला एक्सप्रेस में बैठे थे। ट्रेन सोमवार भोपाल स्टेशन पहुंचने वाली थी उसकेे पहले यश टॉयलेट गया था। उसके बाद नहीं लौटा। प्रिया ने बताया कि जब भाई नहीं लौटा तो उन्होंने जीआरपी के मदद एप पर सूचना दी कि यश गुम हो गया है। कोई जानकारी नहीं मिली। देर रात तक परेशान हो गए। घर में और रिश्तेदारों से संपर्क किया। तब तक भोपाल रेलवे स्टेशन पर खोजबीन की गई थी। इस बीच आगरा कैंट से उनके पास कॉल आया कि उनका भाई बीमार हालत में वापस आ गया है जहां उसने बताया कि टॉयलेट के पास उसे अज्ञात व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ सुंघा दिया था, उसकी हालत बिगड़ गई और वह स्टेशन पर उतर गया था। वह ट्रेन में चढ़ पाता, उसके पहले ट्रेन रवाना हो गई। जब उसे होश आया तो जेब से रुपये गायब थे। कुछ लोगों ने उसे सोमवार शाम को ही तेलगांना एक्सप्रेस में बैठाकर आगरा कैंट पहुंचाया है। यश मुंबई में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करता है। इस संबंध में आरपीएफ थाना प्रभारी निहाल सिंह ने बताया कि खोजबीन की तब तक युवक आगरा कैंट के लिए रवाना हो चुका है। जीआरपी थाना प्रभारी आरएन रावत ने कहा कि सूचना मिली थी लेकिन कोई कायमी दर्ज कराने नहीं आया था। बाद में सूचना मिली कि यश उसके घर पहुंच गया है।

### नवी मुंबई/ महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार




**नवी मुंबई :** क्राइम ब्रांच पुलिस ने फिजियोथेरेपी के बहाने महिलाओं को अश्लील वीडियो कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 45 वर्षीय एरिक अंकलेसरिया के रूप में की गई है, जो बैंकिंग क्षेत्र के एक प्रसिद्ध वक्ता हैं। तुर्भे एमआईडीसी पुलिस के अनुसार, एक महिला फिजियोथेरेपिस्ट ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस व्यक्ति ने उसे व्हाट्सएप पर अश्लील वीडियो कॉल किया था। यह गिरफ्तारी जांच अपराध शाखा 1 के वरिष्ठ निरीक्षक सुनील शिंदे के मार्गदर्शन में हुई थी।

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022



# उद्धव ठाकरे होंगे देश के पीएम, आलोचना के लिए भाजपा को भारत रत्न दें



**मुंबई :** राज्य में नाइट कर्फ्यू लगाने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर विपक्ष आलोचना करते हुए कई हमले बोल रहा है। इस पर मुख्यमंत्री की काफी आलोचना की जा रही है। इसी का जवाब देते हुए शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा है कि, कुछ लोग भाजपा की आलोचना कर रहे हैं। वे किसी भी मुद्दे पर आलोचना करते हैं। भाजपा के लोगों को टीका करने, आलोचना करने के लिए भारत रत्न पुरस्कार दिया जाना चाहिए। राउत ने ऐसा एक पत्र परिषद में कहा। राउत ने कहा,ये आलोचक लोगों को मारना चाहते हैं। वहीं मुख्यमंत्री लोगों की जान बचाना चाहते हैं। कर्फ्यू लगाने में मुख्यमंत्री को कोई आनंद नहीं मिल रहा है। संजय राउत आगे बोले कि, उद्धव ठाकरे देश के प्रधानमंत्री होंगे और निकट भविष्य में कई राजनीतिक भूकंप आएंगे। संजय राउत बोले, तीन दलों के नेताओं ने महाराष्ट्र का नेतृत्व करने का फैसला किया है। विपक्ष कह रहा था कि हमारा एक भी विधायक नहीं बचेगा। लेकिन कुछ दिन रुकिए, हम देखेंगे कि क्या होता है। भविष्य में भी भूकंप आएगा और तब शिवसेना भवन केंद्र स्थान होगा। राउत ने कहा कि, कई लोग चाहते हैं कि उद्धव ठाकरे देश का नेतृत्व करें।

शिवसेना सिर्फ एक पार्टी नहीं है, शिवसेना एक परिवार है और बालासाहेब हमारे परिवार के

# वसई पूर्व के चिंचोटी क्षेत्र में नकली नोट छापने वाले 3 गिरफ्तार

**वसई :** ठाणे की एटीएस टीम ने वसई पूर्व के चिंचोटी क्षेत्र से नकली नोटों का कारोबार करने वाले तीन शख्स को गिरफ्तार किया है ।


एटीएस टीम ने उनके पास से जाली नोट भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार ठाणे की एटीएस यूनिट ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर वालीव पुलिस स्टेशन अंतर्गत कामण-भिवंडी रोड स्थित गोरात पाडा क्षेत्र में छापेमारी कर नोट बनाने में उपयोग होने वाली प्रिंटिंग मशीन ,कागज का बंडल, स्याही ,कटर मशीन सहित कई अन्य सामग्री जब्त किया है।

इसके साथ ही तीन शख्स को गिरफ्तार किया है। जांच पड़ताल के दौरान 100 रुपये 18 नोट,50 रुपये के 129 नोट ,20 रुपये के 80 नोट बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अब्दुल रहीम खान (43) निवासी



कांदिवली, जबीउल्ला हकीमउल्ला खान (55) निवासी मालाड, शफी अनवर राशिद खान निवासी चिंचोटी का समावेश है। सभी आरोपियों के खिलाफ वालीव पुलिस धारा 489 (क), 489(ब) ,489 ,120 (बी) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाई में जुटी है।

# कोविड-19 का नया प्रकार: महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सतर्कता बरतने को कहा



**मुंबई :** ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए प्रकार (स्ट्रेन) के फैलने के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों से सतर्क रहने और राज्य में जांचों की संख्या बढ़ाने को कहा। एक सरकारी बयान के मुताबिक, ठाकरे ने अधिकारियों से यह भी कहा कि मास्क पहनने को अनिवार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने मंडलीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों, निगम आयुक्तों एवं जिला पुलिस अधिकारियों से बातचीत के दौरान ये निर्देश दिए हैं इन्होंने अधिकारियों को मास्क न पहनने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। सरकारी बयान में मुख्यमंत्री के हवाले से कहा गया है, ह्न लोगों के बीच मास्क पहनने, हाथ धोने और एक-दूसरे से दूरी बनाने को लेकर नए सिरे से जागरुकता फैलाएं। उन्हें खतरे के प्रति जागरुक करें।ह्व बयान के मुताबिक, ठाकरे ने कोविड-19 की मौजूदा स्थिति, कोरोना वायरस के नए प्रकार के सामने आने के मद्देनजर उठाए जाने वाले एहतियाती उपायों और टीकाकरण की तैयारियों की समीक्षा की। राज्य के जन स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने भी बैठक में हिस्सा लिया था।

# पुलिस की मुस्तैदी से 4 साल की बच्ची की जान बची

**मीरा-भाईंदर :** भाईंदर और वालीव पुलिस की मुस्तैदी से चार साल की एक बच्ची की जान बच गई। अगर समय रहते दोनों स्टेशनों की पुलिस सक्रिय न होती, तो शायद कोई अनहोनी हो सकती थी। रविवार को भाईंदर पुलिस स्टेशन में एक बच्ची के अपहरण का मामला दर्ज हुआ था और रविवार को ठीक उसी समय वालीव पुलिस को वही बच्ची बेसुध अवस्था में एक बोरी में बंद सड़क के किनारे मिली।

पीड़िता भाईंदर पश्चिम में अपने मां-बाप के साथ रहती है। रोजाना की तरह वो दोपहर में घर से खेलने के लिए गई थी, लेकिन शाम तक लौट के नहीं आई। इसके बाद पीड़िता के अपहरण का मामला भाईंदर पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ। तुरंत भाईंदर पुलिस हरकत में आई। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि पीड़िता आखिरी समय में उसी परिसर में खड़ी एक बस में खेल रही थी। पीएसआई किरण वलवी ने शक के आधार पर उस बस के ड्राइवर (आरोपी) को कुछ घंटों के अंदर वसई से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि तब तक भाईंदर पुलिस ने पीड़िता की तस्वीर सभी पॉलिसी स्टेशन को भेज दी थी। आरोपी ड्राइवर ने बेसुध अवस्था में बच्ची को एक बोरी में बांधकर वालीव पुलिस की सीमा में फादरवाडी परिसर में फेंक दिया था। होश में आने पर बच्ची बोरी में हरकत करने लगी। स्थानीय लोगों की सूचना पर वालीव पुलिस बच्ची को बचाया और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। उपायुक्त संजय पाटिल ने बताया कि भाईंदर और वालीव पुलिस की मुस्तैदी और समन्वय से सही समय पर पीड़िता को बचाया जा सका। फिलहाल पीड़िता सुरक्षित है और उसका वैद्यकीय उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, आरोपी (34) सांताक्रुज का रहिवासी है और एक बस ड्राइवर है। आरोपी फिलहाल पॉक्सो और अन्य धाराओं के तहत पुलिस हिरासत में है। आरोपी पर पीड़िता के साथ यौन उत्पीड़न और उसे बेसुध अवस्था में मृत जानकर फेंकने का आरोप है।



# ब्रिटेन से तीन विमानों में 590 यात्री मुंबई पहुंचे

**मुंबई :** ब्रिटेन से तीन विमानों में 590 यात्री मुंबई हवाई अड्डे पर मंगलवार को पहुंचे। एक निकाय अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन यात्रियों में से किसी में भी कोविड-19 के लक्षण नहीं हैं। बृहन्मुंबई महानगर पालिका के एक अधिकारी ने कहा कि 187 यात्री मुंबई के हैं, 167 महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों के हैं और 236 यात्री अन्य राज्यों के हैं। उन्होंने कहा कि 299 यात्रियों को अनिवार्य पृथक वास में



विभिन्न होटलों में भेज दिया गया है और अन्य राज्यों के यात्रियों को उनके राज्य भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा, महाराष्ट्र के बाहर के यात्री जिनकी कनेक्टिंग फ्लाइटहै, उन्हें अपने निवास स्थान जाने की अनुमति दी गई है। जो सड़क मार्ग से जाने के इच्छुक थे उन्हें जाने दिया गया है और उनके राज्यों के प्रतिनिधियों को इसकी सूचना दे दी गई है। बीएमसी द्वारा संचालित सेवन हिल्स अस्पताल के एक डॉक्टर ने पीटीआई-भाषा से कहा कि ब्रिटेन से आए किसी भी यात्री को पिछली रात से अब तक उनके अस्पताल नहीं लाया गया है। बीएमसी आयुक्त आई एस चहल ने कहा था कि मंगलवार की रात तक पांच उड़ानों में ब्रिटेन से आने वाले सभी यात्रियों को होटलों में पृथक-वास में रखा जाएगा

# अवैध हुक्का पार्लर पर छापा, दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**भिवंडी :** भिवंडी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मादक पदार्थ बिक्री में लिप्त लोगों पर पुलिस सख्ती बरत रही है, वहीं शहर में चल रहे अवैध हुक्का पार्लरों पर भी कड़ी पुलिस कार्रवाई की जा रही है। कोनगांव पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे हुक्का पार्लर पर छापा मारकर 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लगभग 3 हजार 720 रुपये की सामग्री जब्त की है। भिवंडी तालुका कोनगांव पुलिस स्टेशन के अंतर्गत वाइल्ड लान नामक होटल में अवैध रूप से हुक्का पार्लर चलाये जाने की जानकारी कोनगांव पुलिस को मिली थी। पुलिस ने हुक्का पार्लर का व्यवसाय करने वाले शोहेल गफार शेख (23), भोईवाडा कल्याण व अजित दारासिंग चव्हाण (22) कोनगांव के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से हुक्का पार्लर संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# तापसी पन्नू ने 'रश्मि रॉकेट' के लिए यूं की दमदार ट्रेनिंग

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने अपनी आगामी फिल्म 'रश्मि रॉकेट' में एक खिलाड़ी की भूमिका को लेकर बुधवार को कहा कि किरदार के लिए प्रशिक्षण की प्रक्रिया और शारीरिक बदलाव बहुत मुश्किल और दर्द भरा था. गुजरात के कच्छ में बुनी गई इस फिल्म में तापसी पन्नू खिलाड़ी की मुख्य भूमिका में हैं. तापसी पन्नू ने 'रश्मि रॉकेट' में अपनी भूमिका के लिए प्रशिक्षण की एक वीडियो इंस्टाग्राम पार शेयर की है.



तापसी पन्नू ने 44 सेकेंड के अपने वीडियो में कहाः 'यह दर्दभरा था. शूटिंग के तीसरे दिन मेरे शरीर ने जवाब दे दिया था, मैं बिल्कुल दौड़ नहीं पा रही थी. मुझे शूटिंग रोकनी पड़ी ताकि मैं चल पाऊं. इस फिल्म के लिए मुझे जिम में बहुत मेहनत करनी पड़ी.' वीडियो में तापसी पन्नू की जिम में प्रशिक्षण करते हुए कुछ क्लिप थीं जिसमें वे कड़ी मेहनत के बाद थकी हुई भी दिखायी दे रही हैं और अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ लग रही हैं. तापसी पन्नू ने इस वीडियो को शेयर करने के साथ ही कहा कि वह अपने इस प्रशिक्षण की कुछ और झलकियां साझा करेंगी. उन्होंने लिखाः 'आज मैंने 'रश्मि रॉकेट' के लिए अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया और यही मैं आप सभी के साथ साझा करने का इंतजार कर रही थी...अगर आपको यह पसंद आया तो बदलाव सफल रहा. पूरी यात्रा कल साझा करूंगी.' बता दें कि तापसी पन्नू की इस फिल्म का निर्देशन आकर्ष खुराना ने किया है.

# करीना कपूर बेबी बंप के साथ इस अंदाज में आईं नजर



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर जल्द ही अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं. एक्ट्रेस इन दिनों अपने मदरहुड को इंजॉय करने के साथ-साथ अपने काम पर भी पूरा ध्यान दे रही हैं. अब करीना कपूर की फिर से एक फोटो सोशल मडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वो बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं. करीना कपूर की यह फोटो उस समय क्लिक की गई है, जब वो अपने टॉक शो 'व्हॉट वूमेन वॉन्ट' के तीसरे सीजन की शूटिंग के लिए जा रही थीं. एक्ट्रेस इस दौरान बॉडीकॉन ड्रेस में काफी खूबसूरत दिख रही थीं. करीना कपूर की इस फोटो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर योगेन शाह ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं.

तस्वीरें पर फैन्स खूब रिएक्शन भी दे रहे हैं. बता दें कि 'व्हॉट वूमेन वॉन्ट' शो में करीना कपूर सेलेब्स का इंटरव्यू करती हैं. उनके इस शो के बीते दोनों एपिसोड काफी हिट रहे थे. हाल ही में एक्ट्रेस ने कियारा आडवाणी की इंटरव्यू लिया था, जिसमें उन्होंने खुलासा किया था कि वो दीपिका पादुकोण और कैटरीना कैफ से जलती हैं. करीना कपूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार फिल्म अंग्रेजी मीडियम में नजर आई थीं. इस फिल्म में करीना कपूर ने इरफान खान के साथ मुख्य भूमिका अदा की थी. फिल्म में करीना कपूर ने पुलिस अफसर का किरदार निभाया था. इससे पहले एक्ट्रेस गुड न्यूज में भी नजर आई थीं, जिसमें वह दिलजीत दोसांझ, अक्षय कुमार और कियारा आडवाणी के साथ मुख्य भूमिका अदा करती हुई दिखाई दी थीं. करीना कपूर जल्द ही लाल सिंह चड्ढा में नजर आने वाली हैं. फिल्म में वह आमिर खान के साथ मुख्य भूमिका अदा करेंगी.

# सपना चौधरी ने स्टेज पर दी ऐसी डांस परफॉर्मेंस, 1 करोड़ से ज्यादा बार देखा



देसी क्वीन के नाम से मशहूर सपना चौधरी इन दिनों सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव हैं. कुछ घंटे पहले ही उन्होंने अपने बच्चे के साथ पहली बार फोटो शेयर की है. फैन्स उनकी फोटो पर खूब रिएक्शन भी दे रहे हैं. दूसरी और सपना चौधरी के थ्रोबैक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर धमाल मचाए हुए हैं. उनका फिर से एक डांस वीडियो खूब वायरल हो रहा है. भोजपुरी, पंजाबी और हरियाणवी फिल्मों में धूम मचाने वाली सपना चौधरी ने इस वीडियो में हरियाणवी सॉन्ग पर डांस कर रही हैं.

सपना चौधरी के इस वीडियो को जवान म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया गया है. वीडियो को अभी तक एक करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है. सपना चौधरी के इस वीडियो में देखा जा सकता है कि उन्होंने अपने यूनिक अंदाज में डांस से धमाल मचा दिया है. वैसी भी सपना चौधरी की पूरे देश में उनकी जबरदस्त लोकप्रियता है. उन्होंने अपने डांस से लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है.

सपना चौधरी ने करियर की शुरूआत हरियाणा की एक ऑर्केस्ट्रा टीम के साथ की थी. उन्होंने करियर की शुरूआत रागनी कलाकारों के साथ टीम का हिस्सा बनकर की थी. सपना चौधरी शुरूआत में हरियाणा और आस पास के राज्यों में रागिनी प्रोग्रामो में रागिनी पार्टियों के साथ हिस्सा लेती थीं. उसके बाद उन्होंने स्टेज डांस करना शुरू किया फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा. सपना चौधरी 'बिग बॉस 11' का भी हिस्सा रह चुकी हैं. हाल ही में सपना चौधरी की शादी और बच्चे की खबर भी जमकर वायरल हुई थी.

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022



# मुंबई में नाइट कर्फ्यू के दौरान भी चलते रहेंगे ऑटो रिक्शा और टैक्सी: BMC




**मुंबई** : मुंबई में रात्रि के समय विमान, रेलवे, एसटी या निजी बसों से आनेवाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। मुंबई में रात को आनेवाले यात्रियों को तथा सुबह जल्दी उठने वाले यात्रियों को घर जाने वालों को ऑटो रिक्शा और टैक्सी की सुविधा नाइट कर्फ्यू और लॉकडाउन के दौरान भी उपलब्ध रहेंगे। सरकार द्वारा लागू किये गये प्रतिबंध के बावजदू आवश्यक रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए परिवहन और यातायात की सुविधा की उपलब्ध रहेगी ये जानकारी मुंबई महानरपालिका के अधिकारियों ने दी।

क्रिसमस और नये साल के स्वागत के लिए राज्य के अंदर यात्रा करने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। विशेष रेलवे के साथ ही एसटी और निजी बसों से भी यात्रियों का आना जारी है। इसलिए यात्रियों की असुविधा को टालने के लिए लॉकडाउन और नाइट कर्फ्यू जारी रहने के दौरान भी यातायात चालु रहेगा। इसकी वजह से रात 11 बजे से सुबह 6 बजे के दौरान मुंबई में आने वाले यात्रियों को घर जाने के लिए ऑटो रिक्शा और टैक्सी मिलत रहेंगे। टैक्सी संगठन के ए.एल. क्वाड्रोस ने कहा कि रेलवे और बस से आने वाले यात्री और अत्यावश्यक सेवा के कर्मचारियों के लिए इस संबंध में स्पष्टता लाना आवश्यक था। लेकिन अब बीएमसी ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल लागू किये गये नाइट कर्फ्यू के बावजूद अत्यावश्यक सेवाओं में शामिल कर्मचारियों और रात के दौरान आने वाले यात्रियों के लिए यातायात की सुविधा जारी रहेगी।

## जश्न और कोरोना का नया खतरा

# क्रिसमस और न्यू ईयर की रात किन कामों को रहेगी छूट और क्या रहेंगे बंद

**मुंबई** : क्रिसमस और नए साल की रात अगर आप कुछ बड़ा प्लान कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए हैं. महाराष्ट्र समेत कई राज्यों ने इन त्योहारों के जश्न और कोरोना के नए खतरे को देखते हुए रात का कर्फ्यू लागू कर दिया है. कर्फ्यू के दौरान रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक पब और नाइट क्लब बंद रहेंगे. हालांकि जरूरी सेवाएं से जुड़े कामकाजों पर कोई रोक नहीं रहेगी. महाराष्ट्र सरकार ने नाइट कर्फ्यू के लिए नई गाइडलाइन



जारी कर दी हैं. गाइडलाइन में साफ कहा गया है कि नाइट कर्फ्यू लोगों की सुरक्षा और सेहत के लिए ही लगाया गया है.

दिशा-निदेर्शों में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक 5 या इससे ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर पाबंदी होगी. नाइट कर्फ्यू में नाइट शिफ्ट की व्यापारिक गतिविधियों पर छूट रहेगी. मनोरंजन और मनोरंजक गतिविधियों वाले स्थानों पर पाबंदी रहेगी.

# महिला के साथ छेड़छाड़ के मामले में वार्ड बॉय गिरफ्तार

**मुंबई** : मुंबई के एक अस्पताल में वार्ड बॉय के खिलाफ उत्पीड़न करने का मामला दर्ज किया गया है। अस्पताल में सर्जरी के लिए भर्ती महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोप में वार्ड बॉय को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी है। मुंबई पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है और उसको हिरासत में ले लिया गया है।

# इंग्लैंड से मुंबई आए 299 यात्री होटलों में क्वारंटीन

**मुंबई** : कोरोना वायरस के नए रूप से इंग्लैंड में दशहत का माहौल है। इस दौरान इंग्लैंड से मुंबई आईं तीन फ्लाइट्स में आए यात्रियों को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही थी। शुक्र है कि इन फ्लाइट्स का एक भी यात्री कोरोना पॉजिटिव नहीं पाया गया है। बता दें कि यह तीनों फ्लाइट्स मंगलवार की सुबह आईं, जिससे कुल 590 यात्री मुंबई पहुंचे हैं। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बीएमसी की टीम ने यात्रियों का कोरोना टेस्ट किया, जिसमें सभी निगेटिव पाए गए। बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त सुरेश काकानी ने बताया कि इंग्लैंड से आए



590 यात्रियों में 187 मुंबई के, 167 महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों के व 236 दूसरे राज्यों के यात्री हैं। मुंबई में 299 यात्रियों को विभिन्न होटलों में क्वारंटीन कर दिया गया। दूसरे राज्यों के यात्री, जिनकी कनेक्टिंग फ्लाइट थी या जो सड़क मार्ग से अपने राज्य जाना चाहते थे, उनके बारे में पूरी सूचना उस राज्य के मुख्य सचिव को दे दी गई। साथ ही यह भी कहा गया कि वे इन यात्रियों को अपने-अपने राज्य में क्वारंटीन करें। इन फ्लाइट्स में आने वाले ज्यादातर दूसरे राज्यों के यात्री दिल्ली, गोवा, गुजरात, राजस्थान, व मध्यप्रदेश के थे।

अब 31 तक कोई फ्लाइट नहीं

काकानी ने बताया कि इंग्लैंड से 5 फ्लाइट आने वाली थीं, जिसमें से 3 आ गईं, एक कैंसिल हो गई और एक रात 11 बजे मुंबई आएगी। इसके बाद इंग्लैंड से आने वाली सभी फ्लाइट्स पर 31 दिसंबर तक रोक लग जाएगी।

# नवी मुंबई की जेल में बंद किसान कर रहे भूख हड़ताल

**मुंबई** : केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों के समर्थन में एलगार परिषद-माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार कई कार्यकर्ता बुधवार को महाराष्ट्र के तलोजा जेल में एक दिवसीय भूख हड़ताल कर रहे हैं।

कार्यकताओं ने बुधवार को राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर एक संयुक्त बयान में कहा कि वे नवी मुंबई की जेल में बंद हैं और किसान आंदोलन में शारीरिक रूप से भाग नहीं ले सकते। इसलिए, वे जेल में एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल कर रहे हैं।

वकील निहाल सिंह राठौड़ ने कहा, ह्यकिसानों ने जो मांगें उठाई हैं, वे बिल्कुल सही और न्यायसंगत हैं ह्व राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में एलगार परिषद-माओवादी संबंध के मामलों में जेल में बंद कार्यकताओं में सुधीर धवले, सुरेंद्र गाडलिंग, आनंद तेलतुंबडे, हनी बाबू, सागर गोरखे, रमेश गाइचर, महेश राउत, अरुण परेरा, वर्नन गोंसाल्विस, फादर स्टेन स्वामी, गौतम नवलखा और रोना विल्सन शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रफीक एम. शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस ३-४ अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.२, गोरेगांव (पूर्व) मुंबई-६३ से मुद्रित कराकर रूम नं. २६, कामा रोड, रोशन नगर, गांव देवी डोंगरी, अंधेरी (प.), मुंबई-५८ से प्रकाशित किया। मो. : ९८३३७७९९२० समस्त विवादों के लिए न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।
संपादक : रफीक एम. शेख सह संपादक : अहमद शेख (मो.७७१५९४९०३२), Email : aib7861@gmail.com / allindiabrigade@gmail.com

CMYK